राजस्थान सरकार

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग

(क्षेत्रीय कार्यालय-अजमेर)

312,द्वितीय मंजिल, मिनी सचिवालय, बनीपार्क, जयपुर–302016

फोन नम्बर–2202696, दूरध्वनिचित्रण 0141–2201248

क्रमांक एफ.4(4)पार्ट–4 / विप्रौ / क्षेकाअ / 2018 / 11237 दिनांक 14.9.18

विषय :– विज्ञान मॉडल एवं टीचिंग एड् प्रतियोगिता–2018 में भाग लेने हेतु अंतिम तिथि 12.09.2018 से बढाकर 20.09.2018 किये जाने बाबत।

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत अनुरोध है कि **विज्ञान मॉडल एवं टीचिंग एड् प्रतियोगिता** में भाग लेने वाले विद्यार्थियों / शिक्षकों को दिनांक 30.08.2018 को विभाग द्वारा आपके विद्यालयों को भेजे गये प्रपत्र संख्या 10828-37 में केवल संलग्न प्रोफार्मा के अनुसार प्रविष्ठि भेजनी है। जो इस कार्यालय में अधिक से अधिक **20 सितम्बर, 2018** तक पहुँच जानी चाहिए। पूर्व का परिपत्र संलग्न है।

परियोजना निदेशक – I

राजस्थान सरकार

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग

(क्षेत्रीय कार्यालय-अजमेर)

312,द्वितीय मंजिल, मिनी सचिवालय, बनीपार्क, जयपुर–302016
फोन नम्बर–2202696, दूरध्वनिचित्रण 0141–2201248

क्रमांक एफ.4(4)पार्ट–4 / विप्रौ / क्षेकाअ / 2018 / 10828 दिनांक 30/8/18

-:परिपत्र:-

विषय :– विज्ञान मॉडल एवं टीचिंग एड् प्रतियोगिता–2018 में भाग लेने बाबत।

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत अनुरोध है कि राज्य के विद्यार्थियों की सृजनात्मक अभिरूचि को वृहद मंच प्रदान करने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विभाग हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी **विज्ञान मॉडल एवं टीचिंग एड् प्रतियोगिता** आयोजित कर रहा है। प्रतियोगिता में कक्षा 8 से 12 में पढ़ने वाले विद्यार्थी भाग ले सकते है। क्यों कि यह ही वह अवस्था है जब विद्यार्थी अपनी जिज्ञासा को साकार रूप प्रदान करना चाहता है। हो सकता है, उसकी अपनी वैज्ञानिक सोच एवं कल्पना, भविष्य के सफल वैज्ञानिक बनने के लिए दस्तक दे रही हो, आपके कुशल मार्गदर्शन में विद्यार्थी सफलता प्राप्त करे, यही विभाग की अपेक्षा है। यही अवसर है कि आप विद्यार्थियों व शिक्षकों को विभाग द्वारा आयोजित की जाने वाली विज्ञान मॉडल एवं टीचिंग एड् प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित करें। इसके माध्यम से न केवल अपनी छिपी प्रतिभा को मान्यता दिला पायेंगे बल्कि राज्य स्तर और सम्भव है कि राष्ट्रीय स्तर तक अपनी योग्यता सिद्ध कर न केवल विद्यालय अपितु राज्य का भी नाम रोशन करें।

विद्यार्थियों / शिक्षकों को केवल संलग्न प्रोफार्मा के अनुसार प्रविष्ठि भेजनी है। जो इस कार्यालय में अधिक से अधिक 12 **सितम्बर**, 2018 तक पहुँच जानी चाहिए। प्रतियोगी विद्यार्थी / शिक्षक निम्न में से किसी एक विषय पर मानव उत्थान व जनसाधारण के सार्वजनिक कल्याण से संबंधित प्रौद्योगिकी पर मौलिक एवं उपयोगी, जीवन्त अथवा कार्यरत मॉडल / टीचिंग एड् बनाकर भाग ले सकते है :–

(1) Physics:
(2) Computer Science:
(3) Mathematics:
(4) Engineering:
(5) Environmental Science:
(6) Bio-chemistry & Chemistry:
(7) Botany:
(8) Earth & Space Science

इस प्रतियोगिता में कक्षा 8 से 12 तक के विद्यार्थी एवं इन कक्षाओं को पढ़ाने वाले शिक्षक ही भाग ले सकते हैं।

प्रतियोगी निम्न श्रेणी में से किसी एक में भाग ले सकते हैं।

(क)	व्यक्तिगत मॉडल परियोजना	एक विद्यार्थी व एक शिक्षक
(ख)	दल (टीम) मॉडल परियोजना	दो विद्यार्थी व एक शिक्षक
(ग)	शिक्षक परियोजना	एक शिक्षक

(अ) प्रतियोगिता के नियम एवं शर्ते :–

(1) एक विद्यालय अलग–अलग कितनी भी प्रविष्टियां भेज सकता है। परन्तु एक प्रतियोगी दल एक ही प्रविष्ठी इस कार्यालय को भेज सकता है।

(2) राज्य के सरकारी, अर्द्ध सरकारी, निजी, केन्द्रीय, जवाहर नवोदय विद्यालय अथवा पब्लिक व कान्वेंट विद्यालयों के कक्षा 8 से 12 में पढ़ने वाले विद्यार्थी एवं इन संस्थाओं में कार्यरत शिक्षक निर्धारित प्रोफार्मा में आवेदन कर निम्नानुसार उपरोक्त क्षेत्रीय कार्यालय में निर्धारित तिथि तक प्रविष्ठी भेजकर प्रतियोगिता में भाग ले सकते है।

(3) प्रतियोगी द्वारा प्रस्तुत प्रविष्ठियों के आधार पर चयन समिति अधिकतम 25 व्यक्तिगत व 25 टीम परियोजना एवं 10 टीचिंग एड् के प्रस्तावों का चयन करेगी जिन्हें इस कार्यालय से आपके ई-मेल एड्रेस / डाक द्वारा सूचित किया जायेगा। इसके उपरान्त प्रतियोगी को क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा आयोजित प्रदर्शनी में आवश्यक रूप से मॉडल / टीचिंग एड् सहित उपस्थित होना होगा।

(4) उक्त आयोजित प्रदर्शनी में पुनः चयन समिति द्वारा (3)–व्यक्तिगत, (3)–टीम परियोजना व (3)–टीचिंग एड् को राज्य स्तरीय विज्ञान मॉडल एवं टीचिंग एड् प्रतियोगिता हेतु मनोनयन किया जायेगा।

(5) क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा गठित चयन समिति द्वारा क्षेत्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किये गये मॉडल बनाने हेतु प्रोत्साहन राशि के रूपये 400/– की राशि प्रति मॉडल दी जायेगी। अन्य कोई भत्ता देय नहीं होगा।

(6) राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु गठित चयन समिति पश्चिमी भारत विज्ञान मेला, मुम्बई में भेजे जाने वाली 5–व्यक्तिगत, 5–टीम परियोजना व 3–टीचिंग एड् का चयन करेगी।

(7) राज्य स्तरीय विज्ञान एवं टींचिग एड् प्रतियोगिता प्रदर्शनी हेतु यात्रा करने पर प्रति मॉडल एक विधार्थी के दितिय श्रेणी रेल या साधारण बस का किराया एवं नियमानुसार दैनिका भत्ता विभाग द्वारा देय होगा। यदि किसी दल में अधिक विधार्थी हो तो उसमें से केवल एक विधार्थी को ही विभाग द्वारा यात्रा भत्ता देय होगा। अन्य विधार्थी को यात्रा भत्ता सम्बन्धित विधालय द्वारा देय होगा।

(8) मॉडल/टींचिग एड् के प्रदर्शन के प्रयुक्त होने वाला समस्त सामान प्रतियोगी को लाना होगा। विभाग द्वारा स्थान व बिजली प्वाइंट जो अधिकतम दो मीटर पर लगा हुआ उपलब्ध करवा दिया जायेगा।

(9) मॉडल/टीचिंग एड् में प्रयुक्त सामग्री में थर्मोकोल का प्रयोग नहीं करें।

(10) मॉडल के साथ उसकी साम्यता सिद्ध करने के लिए साथ में लायी रिपोर्ट में आंकडों का संकलन व पर्यवेक्षण रिपोर्ट आवश्यक है।

(11) संलग्न प्रोफार्मा के अनुसार पूर्ण विवरण प्राप्त नहीं होने पर प्रविष्ठि निरस्त कर दी जायेगी।

(12) प्रतियोगिता हेतु निर्णायक मण्डल का निर्णय अंतिम व मान्य होगा।

(13) विभाग द्वारा चयनित मॉडल को भविष्य में विभाग द्वारा प्रायोजित आयोजनों में आमंत्रित करने पर प्रदर्शन हेतु उपस्थित होना अनिवार्य है।

(14) मॉडल के प्रस्तुतीकरण के लिए अधिकतम मॉडल का क्षेत्रफल 122X76X200 से.मी. होना चाहिए।

(15) प्रतियोगिता के संबंध में किसी भी प्रकार की शंका हेतु प्रतियोगी कभी भी विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय व मुख्यालय पर संपर्क कर निराकरण कर सकते है ।

(ब) <u>प्रोजेक्टर रिपोर्ट</u> :–

प्रत्येक परियोजना में निम्न वांछित सूचनाएं आवश्यक रूप से सम्प्रेषित की जायें।

(1) शीर्षक (उप विषय) (2) परियोजना का उद्देश्य (3) परिकल्पना

(4) अपनायी गयी क्रिया/प्रणाली (पूर्ण विवरण सहित)

(क)– बनाने की विधि
(ख)– कार्य विवरण
(ग)– चित्र
(घ)– अनुमानित लागत (पूर्ण विवरण सहित)
(ण)– प्रदर्शन हेतु स्थान की आवश्यकता
(च)– बिजली/डार्करूम/पानी की आवश्यकता

(5) आंकडे (6) विश्लेषण (7) निष्कर्ष (8) उपयोगिता (9) संदर्भ (10) स्वीकारोक्ति

(स) **अच्छी परियोजना हेतु ध्यान योग्य बिन्दू** :–

(क) अच्छे शीर्षक का चुनाव
(ख) फोटोग्राफ का समावेश
(ग) प्रदर्शन को व्यवस्थित करें
(घ) प्रदर्शन को लुभावना बनायें
(ण) निर्मित परियोजना की सही व्यवस्था करें।

(द) **परियोजना मूल्यांकन का आधार** :–

क्र.सं.	मद	व्यक्तिगत परियोजना	टीम परियोजना	शिक्षक परियोजना
1	सृजनात्मक योग्यता	30	25	30
2	वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तकनीक एवं उद्देश्य	30	25	30
3	पूर्णता	15	15	——
4	निपूणता	15	15	15
5	स्वच्छता	10	10	10
6	शैक्षिक मूल्य	——	——	15
7	टीम वर्क	——	10	——

विभाग अपेक्षा करता है कि आपका पूर्ववत सहयोग प्राप्त होगा।

अनुसन्धान अधिकारी